-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मिशन शक्ति-5.O अभियान के क्रम थाना कमासिन पुलिस द्वारा ब्लाक कमासिन में चलाया गया जागरुकता अभियान । महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में दी गई जानकारी।**

विवरण- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आज दिनांक 25.10.2024 को थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम द्वारा ब्लाक कमासिन में जागरुकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला शक्ति हेल्पलाइन 181 तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में जानकारी दी गई, उन्हे बताया गया कि इन नंबरों के माध्यम से छात्राएं या महिलाएं किसी भी संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकती हैं।